**NEWS CLIPPING: 17.09.2019**

## DAINIK JAGRAN

# वाईएमसीए के लिए लेडीज स्पेशल बस का शुभारंभ

## पलवल बस डिपो से प्रतिदिन सुबह आठ बजे चलेगी, फरीदाबाद से शाम पांच बजे करेगी वापसी

**जागरण संवाददाता, पलवल :** हरियाणा रोडवेज ने फरीदाबाद में पढ़ने के लिए जाने वाली छात्राओं की परेशानी को देखते हुए लेडीज स्पेशल बस के संचालन का शुभारंभ किया। बस को भाजयुमो की राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य व गुजरात के सहप्रभारी गौरव गौतम ने सोमवार को बस को हरी झंडी दिखाकर जेसीबोस वाईएमसीए यूनिवसिर्टी के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पलवल बस डिपो के कार्यशाला मैनेजर जितेंद्र यादव ने बताया कि यह बस पलवल बस डिपो से सुबह आठ बजे चलेगी तथा सुबह नौ बजे जेसीबोस वाईएमसीए यूनिवसिर्टी पहुंचेगी। उसके बाद यह बस पलवल से बल्लभगढ के बीच में चलेगी। शाम पांच बजे यूनिवसिर्टी से कॉलेज की छात्राओं को लेकर वापस पलवल लौट आएगी। इस



जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में पहुंची लेडीज स्पेशल बस का स्वागत करते कुलपति डॉ. दिनेश कुमार, एसोसिएट प्रो. डॉ. सोनिया व छात्राएं ● फोटो सौजन्य : पीआरओ यूनिवर्सिटी




हरियाणा रोडवेज ने फरीदाबाद में पढ़ने जाने वाली छात्राओं के लिए लेडीज स्पेशल बस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते गौरव गौतम ● जागरण

मौके पर परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार के राजनीतिक सचिन बृजमोहन शर्मा भी मौजूद रहे। बस सेवा के शुभारंभ के मौके पर गौरव गौतम ने कहा कि महिलाओं के लिए बस शुरू करने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। परिवहन मंत्री की तरफ से मंजूरी मिलने के बाद बस को शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढाओं का संकल्प लिया है तथा हरियाणा राज्य परिवहन विभाग पलवल भी बेटी बचाओ और बेटी पढाओं के नारे को सही मायने में चरितार्थ कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता इंद्रपाल शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, अजीत तेवतिया, यशमा रानी, मनोज डाबर, अभिषेक देशवाल मौजूद थे।

## HINDUSTAN

**पलवल से वाईएमसीए के लिए हुई बस सेवा की शुरुआत, सुबह-शाम मिलेगी छात्रों को निशुल्क बस सेवा, बस के चलते समय और पैसों की होगी बचत**

# वाईएमसीए स्पेशल बस से छात्राओं को सुरक्षित सफर का तोहफा

अच्छी खबर

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

पलवल से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए पढ़ने आने वाली छात्राओं को अब बसों और ऑटो के धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। दरअसल, सोमवार को हरियाणा राज्य परिवहन की ओर से यू-स्पेशल की तर्ज पर छात्राओं के लिए विशेष बस सेवा की शुरुआत की गई है।

ये विशेष बस पलवल बस अड्डे और फरीदाबाद में विश्वविद्यालय परिसर तक सुबह और शाम चलेगी। विश्वविद्यालय आने वाली छात्राओं को भटकना ना पड़े यही मकसद है।

हरियाणा परिवार की छात्राओं के लिए ये विशेष बस सेवा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में विश्वविद्यालय परिसर में पहुंची। कुलपति ने विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए विशेष बस सेवा शुरू होने पर राज्य सरकार और परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बस सेवा शुरू होने से पलवल से विश्वविद्यालय आने वाली छात्राओं को काफी फायदा होगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, युवा एवं संस्कृति मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी तथा डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल डॉ. सोनिया बंसल उपस्थित रहे।

छात्राओं के लिए शुरू की गई ये विशेष बस सेवा सप्ताह के सभी कार्य दिवसों के दौरान उपलब्ध रहेगी। ये बस पलवल बस अड्डे से रोजाना सुबह आठ बजे फरीदाबाद के सेक्टर-6 स्थित जे.सी. बोस विश्वविद्यालय परिसर तक चलेगी। वहीं वापसी के लिए शाम को चार बजे दोबारा विश्वविद्यालय परिसर से पलवल बस अड्डे तक चलेगी। बस सेवा छात्राओं के लिए निशुल्क रहेगी।

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को**




पलवल से फरीदाबाद जेसीबोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के लिए सोमवार को चली बस के साथ छात्र और कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार । ● हिन्दुस्तान

**मिलेगा बढ़ावा:** कुलपति ने कहा कि पलवल से आने वाली छात्राओं के लिए उचित बस सेवा नहीं होने का मामला छात्राओं ने उठाया था। इसके बाद संबंधित अधिकारियों से बातचीत की गई। छात्राओं के लिए विशेष बस सेवा शुरू होने से उन्हें सुरक्षित परिवहन उपलब्ध होगा और उनका पैसा व समय भी बचेगा। इस योजना से सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना को बढ़ावा मिलेगा। वहीं पलवल से फरीदाबाद आने वाली छात्राओं को सुविधा होगी।

### सीधे बस सेवा मिलेगी

डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल ने कहा कि छात्राओं के लिए पलवल से विश्वविद्यालय तक सीधी बस नहीं होने के चलते काफी समय बर्बाद होता था। अब छात्राएं सीधी बस सेवा से सुरक्षित सफर कर सकेंगी। वहीं कई छात्राएं जो कि ट्रांसपोर्ट के सुविधा के अभाव में दाखिला लेने कतराती थीं उन्हें इस बस सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

**NEWS CLIPPING: 17.09.2019**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि की छात्राओं को मिली विशेष बस सेवा

**फरीदाबाद।** राज्य परिवहन ने सोमवार से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय( वाईएमसीए) की छात्राओं के लिए विशेष बस सेवा की शुरूआत की। बस पलवल बस अड्डे और फरीदाबाद में विश्वविद्यालय परिसर तक सुबह-शाम चलेगी। इसमें छात्राएं निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्राओं के लिए विशेष बस सेवा शुरू होने पर राज्य सरकार व परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा इससे विश्वविद्यालय आने वाली छात्राओं को फायदा होगा। यह विशेष बस आज पहली बार प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में परिसर में पहुंची। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, युवा एवं संस्कृति मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी तथा डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल मौजूद रही। यह सेवा सप्ताह के सभी कार्य दिवसों के दौरान उपलब्ध रहेगी, जो कि पलवल बस अड्डे से प्रतिदिन 8 बजे परिसर तक चलेगी और शाम को 4 बजे परिसर से पलवल बस अड्डे पहुंचेगी। ब्यूरो



**पलवल से आने वाली छात्राओं को मिलेगा लाभ**

**NEWS CLIPPING: 17.09.2019**

**AMAR UJALA**

# छात्रों को बताया आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का महत्व

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्टूडेंट ब्रांच और महिला इंजीनियरिंग दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'मशीन लर्निंग व पाइथॉन' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 110 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें विभिन्न कॉलेजों के 35 विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के महत्व की जानकारी दी। कुलपति ने कहा कि आने वाले दिनों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाएगा। इस क्षेत्र में नवाचार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 17.09.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# आर्टिफिशयल इंटेलिजेंसी का महत्व बताया

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

आईईईई वाईएमसीए की स्टूडेंट ब्रांच ने महिला इंजीनियरिंग आईईईई दिल्ली के साथ मिलकर जेसी बोस यूनिवर्सिटी में मशीन लर्निंग व पाइथॉन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें 110 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने छात्रों को आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस का महत्व बताया। इस दौरान काउंसलर डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ. सपना गंभीर, डॉ. स्नेहा व डॉ. मनप्रीत कौर ने भी संबोधित किया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 17.09.2019**

## NAVBHARAT TIMES

खास खबरें

### छात्राओं के लिए फ्री बस सेवा शुरू

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** हरियाणा राज्य परिवहन ने जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी की छात्राओं के लिए विशेष बस सेवा की शुरुआत की है। यह बस पलवल के बस अड्डे से सुबह 8 बजे शुरू होकर फरीदाबाद स्थित यूनिवर्सिटी परिसर तक आएगी। सुबह व शाम के समय रोजाना बस एक-एक चक्कर लगाएगी। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बस सेवा शुरू होने से पलवल की छात्राओं को फायदा होगा। पहली बस सोमवार को यूनिवर्सिटी परिसर पहुंची। मौके पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, युवा व संस्कृति मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी व डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल भी उपस्थित थीं। शाम को यूनिवर्सिटी परिसर से शाम 4 बजे पलवल बस अड्डे के लिए रवाना होगी। बस सेवा छात्राओं के लिए निशुल्क होगी।

**NEWS CLIPPING: 17.09.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# यूनिवर्सिटी के लिए महिला स्पेशल बस सेवा शुरू

**पलवल|** बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ मुहिम को गति देते हुए सोमवार को भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं भाजपा युवा मोर्चा के गुजरात के सहप्रभारी गौरव गौतम ने जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के लिए महिला बस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पलवल बस डिपो के कार्यशाला मैनेजर जितेंद्र यादव सहित काफी संख्या में छात्राएं मौजूद थीं। गौतम ने कहा कि पलवल डिपो से महिला बस शुरू करना सरकार की एक अच्छी पहल है। इस बस में केवल महिलाएं ही सफर करेंगी। उन्होंने बताया कि यह बस पलवल बस डिपो से सुबह 8 बजे चलेगी और 9 बजे जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी फरीदाबाद पहुंचेगी। उसके बाद यह बस पलवल से बल्लभगढ़ के बीच चलेगी। शाम के पांच बजे फिर यूनिवर्सिटी से कॉलेज की छात्राओं को लेकर वापिस पलवल आएगी। महिला बस शुरू होने से क्षेत्र की महिलाओं को लाभ होगा। इस संबंध में जिला बस डिपो के कार्यशाला मैनेजर जितेंद्र यादव ने बताया कि महिलाओं के लिए बस शुरू करने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। परिवहन मंत्री की तरफ से मंजूरी मिलने के बाद बस सेवा को शुरू कर दिया गया है। यह बस सुबह 8 बजे पलवल बस डिपो से चलेगी और कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं और महिलाओं को लेकर जाएगी। सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का संकल्प लिया है। पलवल भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के नारे को सही मायने में चरितार्थ कर रहा है।